कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :.../सम्बद्धता अनु./2019

दिनांक :. ....

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य,

1. प्रबुद्ध मेडिकल कालेज हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, ग्राम–बक्का खेरा, थरी, माल, मलिहाबाद, लखनऊ।
2. श्री रामचन्द्र वैद्य आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, यमुना विहार, मल्हौर रोड, चिनहट, लखनऊ।
3. इंस्टीट्यूट ऑफ आयुष मेडिकल साइंसेज, विमलार्जुन नगर, मोहनलालगंज, लखनऊ।
4. सरदार पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइन्सेज एण्ड रिसर्च सेन्टर, कनकहा, मोहनलालगंज, लखनऊ।
5. एन्काइट आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, पुरसैनी, मोहनलालगंज, लखनऊ।

महोदय,

कृपया अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में दिनांक 10.10.2019 को सायं 4:00 बजे समस्त आयुर्वेदिक कालेज के प्राचार्यों की सम्पन्न बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में सूच्य है जैसा कि बैठक के समय भी अपेक्षा की गई थी कि निम्न बिन्दुओं पर सूचना दिनांक 19.10.2019 तक कुलसचिव कार्यालय को उपलब्ध करा दी जाये :–

1. आपके चिकित्सा महाविद्यालय में आयुष विभाग द्वारा कितनी सीटें आवंटित हैं तथा उनके सापेक्ष वर्तमान सत्र में कितनी सीटों पर काउन्सिलिंग द्वारा प्रवेश हेतु विद्यार्थी आवंटित किये गये हैं।
2. आयुष विभाग द्वारा निर्गत मान्यता पत्र में अंकित की गई शर्तों की पूर्ति की आख्या तालिका के रूप में तैयार कर प्रस्तुत की जाय। यदि उनका पूर्णतया पालन नहीं किया गया है तो उनके अनुपालन हेतु कार्ययोजना व अब तक की गई कार्यवाही की प्रगति आख्या भी तालिका में अंकित किया जाय।
3. शिक्षकों के सृजित पदों की संख्या व उनके सापेक्ष अनुमोदित/कार्यरत शिक्षकों का विवरण और यदि रिक्त हैं तो चयन/नियुक्ति की कार्ययोजना का भी तालिकाबद्ध प्रस्तुतीकरण किया जाय।

अतः आपसे अपेक्षा है कि उपरोक्तानुसार वांछित सूचनायें दिनांक 19.10.2019 तक प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(एस0के0 शुक्ल)
कुलसचिव

संख्या : सम्ब/24379-80 दिनांक : 14.10.2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य/अधिष्ठाता, राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, टुडियागंज, लखनऊ।
2. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित आयुर्वेदिक कालेजों को ई–मेल से प्रेषित करने व विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. गार्ड फाईल।

(एस0के0 शुक्ल)
कुलसचिव